Experts' Institute
8-D, Kutchery Road Prayagraj. Ph:9415368884
JAVA Comp. Applications
Python Robotics & AI

ST. JOSEPH'S COLLEGE, PRAYAGRAJ
SECOND UNIT TEST - 2023
HINDI

Class-9 | Max. Mks: 30

(Max Time; 90 minutes)

नोट– सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

खण्ड–क (व्याकरण– 15Marks)

प्रश्न 1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में एक पत्र लिखिए– [7]

1. आपके क्षेत्र में सड़कों पर रोशनी न होने से अंधकार रहता है, जिससे कोई भी दुघर्टना हो सकती है, इसकी जानकारी देते हुए एवं उचित प्रबन्ध कराने हेतु नगर निगम के अधिकारी को एक पत्र लिखिए।
2. आपका बड़ा भाई डॉक्टर बनना चाहता है, वह 'मेडिकल प्रवेश परीक्षा' की तैयारी कर रहा है। वह परीक्षा में सफल हो, ऐसी शुभकामना व्यक्त करते हुए बड़े भाई को एक पत्र लिखिए।

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए–

1. 'आयात' शब्द का विलोम शब्द बताइए– [1]
   (क) यातायात (ख) निर्यात (ग) आघात (घ) आपात
2. 'पत्ता' शब्द का पर्यायवाची बताइए– [1]
   (क) पल्लव–पूर्ण (ख) दल–बदल (ग) पात–सत्ता (घ) पल्लव–पत्र
3. 'बहती गंगा में हाथ धोना'– मुहावरे का अर्थ बताइए– [1]
   (क) पानी की बचत करना (ख) हाथ साफ करना
   (ग) अवसर का लाभ उठाना (घ) बहते पानी से लाभ उठाना
4. 'कड़वा' शब्द की भाववाचक संज्ञा बताइए– [1]
   (क) कटु (ख) कड़वाहट (ग) कड़वाया (घ) कड़वी
5. 'लालच' शब्द का विशेषण शब्द बताइए– [1]
   (क) लचीला (ख) लालचि (ग) लाली (घ) लालची
6. 'विस्वास' शब्द का शुद्ध रूप बताइए– [1]
   (क) विस्वस (ख) विश्वास (ग) विसवास (घ) वीश्वास
7. निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए– [1]
   (i) दादा जी की बातों से बच्चों में उत्साह भर जाता है।
   (वाक्य में 'उत्साहित' शब्द का प्रयोग कीजिए)
   (क) दादा जी की बातों से बच्चा उत्साहित हो जाता है।
   (ख) दादा जी की बातों से बच्चे उत्साहित हो जाते हैं।
   (ग) दादा जी से कहानी सुनकर बच्चे उत्साहित हो जाते हैं।
   (घ) दादा जी से कविता सुनकर बच्चे उत्साहित हो जाते हैं।

EXPERTS' INSTITUTE

(ii) हे पुत्र! आयुष्मान हो (वाक्य का लिंग बदलकर पुनः लिखिए) [1]
(क) हे पुत्री ! आयुष्वान हो
(ख) हे पुत्री! आयुष्मती हो
(ग) हे पुत्री! आयुष्वती हो
(घ) हे पुत्री! आयुष्मति हो

खण्ड–ख साहित्य (15 Marks)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

साहित्य सागर (पद्य)

प्रश्न 1. कवि ने भारत को 'पुण्यभूमि' और 'स्वर्णभूमि' क्यों कहा है ? [2]

प्रश्न 2. "गौतम ने जन्म लेकर, जिसका सुयश बढ़ाया,
जगको दया दिखाई जग को दिया दिखाया"! – इन पंक्तियों का भाव सन्दर्भ सहित स्पष्ट कीजिए। [3]

प्रश्न 3. 'वह जन्मभूमि मेरी' कविता के कवि कौन है ? उनका जीवन–परिचय लिखिए। [3]

साहित्य सागर (गद्य)

प्रश्न 1. मूर्ति किसकी थी ? उसे देखते ही कौन सी बातें याद आने लगती थी ? [2]

प्रश्न 2. कैप्टन कौन था ? वह नेताजी का चश्मा क्यों बदल देता था ? [2]

प्रश्न 3. हालदार साहब को जिस कस्बे से गुजरना पड़ता था, उस कस्बे का वर्णन कीजिए ? [3]

************************ALL THE BEST************************

EXPERTS' INSTITUTE